स्वावलंबनिी

चर्चा में क्यों?

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) ने नीति आयोग के सहयोग से मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में महिला उद्यमिता कार्यक्रम **स्वावलंबिनी** की शुरुआत की।

मुख्य बिंदु

- **उद्देश्य:**
  - यह एक महिला **उद्यमिता कार्यक्रम** है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को **उद्यमशील मानसिकता** विकसित करने, आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और **व्यावसायिक सफलता** के लिये मार्गदर्शन प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है।
- **कार्यक्रम संरचना:**
  - **MSDE ने उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (EAP), महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP), फैकल्टी विकास कार्यक्रम (FDP)** एवं वित्तपोषण सहित एक **चरण-वार उद्यमशीलता प्रक्रिया** की शुरुआत की है।
  - इसके तहत सफल उद्यमों को **मान्यता देना एवं पुरस्कृत** करना शामिल है जिससे अन्य को प्रेरणा मिलने के साथ भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को आगे बढ़ाने के लिये एक स्पष्ट ढाँचा स्थापित होगा।
  - उच्च शिक्षा संस्थानों में **उद्यमशीलता की संस्कृति को मज़बूत करना, महिलाओं के लिये व्यवसाय सृजन को एक व्यवहार्य करिअर मार्ग बनाना।** भारत के आर्थिक परिवर्तन के प्रमुख चालक के रूप में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बढ़ावा देना।
- **स्वावलंबिनी राष्ट्रीय नीतियों के साथ संरेखित**
  - **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 : कौशल एकीकरण, उद्योग** सहयोग और उद्यमिता-संचालित शिक्षा को बढ़ावा देती है।
    - यह महिला उद्यमियों के लिये **वित्तीय और परामर्श सहायता** सुनिश्चित करके इस पर काम करती है।
    - यह स्टैंड-अप इंडिया, PM मुद्रा योजना और महिला उद्यमिता मंच जैसी पहलों को मज़बूत करती है।
    - स्वावलंबिनी केंद्रीय बजट 2025 के अनुरूप है, जिसमें **10,000 करोड़ रुपए के स्टार्ट-अप फंड** की शुरुआत की गई है और **पहले पाँच वर्षों के लिये स्टार्ट-अप लाभांश पर 100% कर छूट** दी गई है, जिससे उभरते महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों के लिये महत्त्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

भारत में महिला उद्यमिता परिदृश्य

- **भारत में कुल MSME:** 63 मिलियन से अधिक, महिला स्वामित्व वाले MSME 20% (12.39 मिलियन)।
- **रोजगार योगदान:** महिलाओं के नेतृत्व वाले MSME 22-27 मिलियन लोगों को रोज़गार प्रदान करते हैं।
- **महिला उद्यमिता में भारत का स्थान: महिला उद्यमिता पर मास्टरकार्ड सूचकांक (MIWE) 2021** में भारत वर्तमान में 65 देशों में से 57 वें स्थान पर है।
  - वैश्विक उद्यमिता एवं विकास संस्थान के अनुसार, **वैश्विक महिला उद्यमिता सूचकांक (FEI)** में भारत का स्थान **77 देशों में 70वाँ** है।
- **महिला-नेतृत्व वाले MSME में सर्वाधिक भागीदारी वाले शीर्ष राज्य: पश्चिम बंगाल** (23.42%), **तमिलनाडु** (10.37%), **तेलंगाना** (7.85%), **कर्नाटक** (7.56%) और **आंध्र प्रदेश** (6.76%)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swavalambini-1